हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

13 पंचमी महोत्सव पर शीतला शक्ति पीठ में छप्पन भोग...


14 धमतरी में चंद्रपुर की मां चंद्रहासिनी के दर्शन...


नवरात्रि विशेष



## षष्ठम : कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्होंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है। भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है-
चंदहासोज्जवलकरा
शार्दूलवरवाहना।

# दिवाली से पहले किसानों को मिलेगी सम्मान निधि की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दिवाली से पहले किसानों को सम्मान निधि का उपहार मिलेगा। अभी सम्मान निधि जारी करने की तारीख जारी नहीं हुई है, लेकिन केंद्र से पात्र किसानों के नाम की लिस्ट आनी शुरू हो गई है। उम्मीद की जा रही है कि अक्टूबर के अंतिम सप्ताह या नवंबर के पहले सप्ताह में किसानों के खाते में सम्मान निधि की राशि डाल दी जाएगी।

### तारीख तय नहीं, केंद्र से पात्र किसानों की लिस्ट आनी शुरू




**किस्त का समय भी आ चुका**

हर चार माह में किसानों को सम्मान निधि के रूप में 2 हजार रुपए प्रदान किए जाते हैं। चार माह का समय 20 अक्टूबर को पूरा हो रहा है। 20 अक्टूबर को विजयादशमी है। इसके बाद कभी भी किसानों के खाते में सम्मान निधि की राशि डाली जा सकती है। हालांकि सम्मान निधि की 24वीं किस्त कब आएगी। इसे लेकर अभी सरकार की ओर से कोई तारीख तय नहीं हुई है।

इस बार दिवाली में धान खरीदी शुरू नहीं हुई रहेगी। खेती की लागत बढ़ने के कारण किसानों के हाथ खाली हैं। ऐसे में त्योहार में किसानों को आर्थिक परेशानी उठानी पड़ सकती है। इस स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार द्वारा किसानों को सम्मान निधि जारी करने की तैयारी चल रही है। जानकारी के अनुसार सम्मान निधि की 23 वीं किस्त 20 जून को जारी की गई थी, जिसमें 95 हजार 641 किसानों को 19.13 करोड़ रुपए दिए गए थे। अब प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त किसानों को दी जाएगी। जानकारी के अनुसार जिले में कुल 1 लाख 37 हजार 367 किसानों ने सम्मान निधि के लिए पंजीयन कराया है। कुछ मृत हो चुके हैं। कुछ अपात्र हैं। वर्तमान में 1 लाख 5 हजार 750 किसान सम्मान निधि की पात्रता सूची में है। इनमें से किसे सम्मान निधि मिलेगी, वह लिस्ट जारी होने के बाद ही पता चलेगा।

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत पंडित सहित शादी में सहयोगी सभी बनेंगे आरोपी

# नाबालिग के विवाह में शामिल होना पड़ेगा महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नाबालिग का विवाह कराने वाले ब्राम्हण, टेंट लगाने वाले व्यवसायी, रसोइया, बाराती वाहन मालिक, बाजा वाले, शादी में खाना खाने वाले सहित अन्य सहयोगी भी बालविवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत आरोपी होंगे। जांच उपरांत न्यायालय आरोपियों को दो साल की सजा या जुर्माने से दंडित कर सकता है। गुरुवार को जनपद पंचायत धमतरी तथा मगरलोड के सभाकक्ष में बाल विवाह मुक्त छग अभियान अंतर्गत कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें सचिव, पर्यवेक्षक, पुलिस तथा शिक्षकों को जानकारी दी गई।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिपं सीईओ जयंत नाहटा के निर्देशन व महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी महेश मरकाम के मार्गदर्शन में जपं धमतरी तथा मगरलोड जनपद के सभाकक्ष में बाल विवाह मुक्त छग अभियान अंतर्गत बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत नियुक्त बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यशाला में छग शासन द्वारा नियुक्त बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, सभी सचिव ग्राम पंचायत विकासखंड नगरी, पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास विभाग विकासखंड धमतरी, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी नगरी और शिक्षा विभाग नगरी के प्राचार्य एवं शिक्षकों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में बाल संरक्षण अधिकारी आनंद पाठक, गैर संस्था के संरक्षण अधिकारी यशवंत बैस, विधिक सहपरीक्षा अधिकारी प्रमोद अमृत, नीलम साहू, सुमीत गंडेचा, श्रीमती प्राची शर्मा, श्रीमती उषाकिरण चंद्राकर, गिरधारीलाल साहू, अनुराग खलको, तुकेश्वर साहू, लोकेश्वर ध्रुव, संदीप पांडे उपस्थित थे।



### दो साल की सजा तथा जुर्माना

जांच में नाबालिग की शादी में आरोप पाए जाने पर न्यायालय आरोपी को दो साल की सजा या जुर्माना या दोनों से दण्डित कर सकता है। बाल विवाह को प्रोत्साहित नहीं करने, शामिल नहीं होने तथा सूचना मिलने पर आपातकालीन नंबर 112 या 1098 पर सूचित करने की जानकारी दी गई।

### शिकायत हुई तो सब सहयोगी जाएंगे जेल

कार्यशाला में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत जानकारी दी गई है कि बाल विवाह अपराध की श्रेणी में है। किसी व्यक्ति द्वारा शिकायत की जाती है कि जिस समय लड़की का विवाह हुआ था, उस समय उसकी उम्र 18 वर्ष से कम थी तो बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों द्वारा जन्मतिथि का सत्यापन कर विवाह में शामिल फेरा कराने वाले ब्राम्हण, टेंट लगानेवाले, रसोइया, बाराती वाहन मालिक, शादी का कार्ड छापने वाले प्रिंटर्स, बाजा बजाने वाले, शादी में खाना खाने वाले या अन्य सहयोगी अधिनियम के तहत आरोपी बन जाते हैं। पंचायत सचिव या पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी इसकी जांच कर उनके द्वारा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया जाता है।

# रावण का कद बढ़ा, एकलव्य खेल परिसर में दशहरा उत्सव



■ दशहरा उत्सव के लिए तैयार हो रहा 45 फीट का भारी भरकम रावण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इस साल रावण का कद और बढ़ गया है। करीब 45 फीट उंचा रावण तैयार हो रहा है। आयोजन स्थल रामलीला मैदान से बदलकर एकलव्य खेल परिसर को बनाया गया है, जहां पर रावण का स्ट्रक्चर बनाया जा रहा है। रावण का सिर ही करीब 15 फीट लंबा है।

अंचल में 20 अक्टूबर मंगलवार को दशहरा उत्सव मनाने की तैयारी जोरों पर हैं। वर्षों से विंध्यवासिनी मंदिर के पास रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव को अब एकलव्य खेल मैदान में आयोजित करने की तैयारी है। नगर निगम ने बढ़ती भीड़, सीमित जगह और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में आयोजन स्थल में बदलाव किया है। आयोजन स्थल को नगर निगम के एमआईसी में पास किया गया था। इसके अतिरिक्त इस साल 45 फीट उंचा रावण का पुतला तैयार किया जा रहा है। आयोजन के लिए निगम ने करीब तीन लाख रुपए का बजट रखा है। बताया कि स्थान परिवर्तन का मुख्य उद्देश्य लोगों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना है। रामलीला मैदान में भीड़ ज्यादा होने के कारण हर साल व्यवस्था में काफी परेशानी उठानी पड़ती थी।

महापौर रामू रोहरा ने बताया कि रावण दहन के लिए सुरक्षा मानकों के अनुरूप व्यवस्था की जा रही है। पुतले के चारों ओर करीब 100 फीट का सुरक्षा घेरा रखने की योजना है, जिसके भीतर दहन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। ⏭ शेष पेज 13 पर



### होगी आकर्षक आतिशबाजी

दशहरा उत्सव के लिए मैदान में तैयारियां शुरू हो गई हैं। उत्सव के प्रारंभ में रामलीला का आयोजन होगा। अछोटा के नाट्य कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे। रावण दहन के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त उपाय किए जाएंगे। जहां पर रावण दहन होगा उसके 100 फीट के दायरे में लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित होगा। रावण दहन के बाद आकर्षक आतिशबाजी भी होगी।

खबर संक्षेप

## सतनामी समाज का चुनाव 1 नवंबर को


**धमतरी।** सतनामी समाज के ब्लॉक एवं जिला पदाधिकारियों का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली से होगा। मतदान और मतगणना 1 नवंबर रविवार को होगी। सभी ब्लॉक धमतरी शहर ग्रामीण, कुरूद, नगरी, मगरलोड, भखारा के ब्लॉक अध्यक्ष एवं सचिव तथा जिला अध्यक्ष एवं सचिव सहित कुल 4 पदों पर चुनाव होगा। 17 और 18 अक्टूबर को नामांकन जमा होगा।

# तेंदुए के हमले से 3 लोग घायल, दो जिला अस्पताल रेफर

■ बैल का शिकार करने गांव में घुसा था तेंदुआ, घायलों में दो महिलाएं शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

बोराई मार्ग खुर्सीघाट में शाम को तेंदुआ विचरण करते दिखाई दिया। इस दौरान लोगों ने मोबाइल से उसकी तस्वीरें भी कैद कीं। इसके बाद रात में तेंदुआ ग्राम कारीपानी में घुस गया, जहां उसके हमले से तीन लोग घायल हो गए। घायलों में दो महिलाएं शामिल हैं। घटना के बाद गांव में





दहशत है। वहीं गुरूवार को तेंदुए ने फिर 2 लोगों पर हमला किया है। तेंदुआ बैल का शिकार करने के लिए गांव में घुसा था। इसी दौरान आवाज सुनकर एक महिला घर से बाहर निकलकर देखने पहुंची, तभी तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। महिला को बचाने के लिए पहुंचे दो अन्य लोग भी तेंदुए के हमले की चपेट में आ गए। इस घटना में तीनों घायल हो गए। घायलों की पहचान सुंदर लाल नेताम (60 वर्ष) पिता मंगलाराम नेताम निवासी ग्राम उजरावन, जो कारीपानी में मेहमान बनकर आए थे, उर्मिला बाई मरकाम (60 वर्ष) पति इतवारी मरकाम तथा मनाई बाई पति हीरालाल दोनों निवासी ग्राम कारीपानी के रूप में हुई है।

ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को उपचार के लिए नगरी अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल धमतरी रेफर कर दिया गया, जबकि एक महिला का उपचार नगरी अस्पताल में जारी है। घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके के लिए रवाना हुई। गांव में तेंदुए के घुसकर हमला करने की घटना से ग्रामीणों में भय है। ⏭ शेष पेज 13 पर

## मवेशी से टकराकर ई-रिक्शा पलटा, सवार घायल

**धमतरी।** सवारियों से भरा ई-रिक्शा मवेशी से टकराकर सड़क पर पलट गया। इस घटना में ई-रिक्शा में सवार लोगों को चोट आई है।

मिली जानकारी के अनुसार नवरात्र पर स्थानीय साल्हेवारपारा के आकाश पदमवार उम्र 24 वर्ष सहित 6 से 7 लोग बुधवार की रात्रि ई-रिक्शा में सवार होकर अंगारमोती माता के दर्शन के लिए गंगरेल जा रहे थे। इसी दौरान गंगरेल के बाजार चौक से होकर गुजर रहा ई-रिक्शा के सामने अचानक मवेशी आ गया। सवारियों से भरा ई-रिक्शा मवेशी से टकराकर सड़क पर पलट गया। इस घटना में सभी सवारियों को चोट आई है। वहीं



■ बाजार चौक गंगरेल की घटना

आकाश व एक अन्य को ज्यादा चोट लगी है। सूचना पर डायल 112 के आरक्षक सुखराम कुंजाम व चालक गणेश साहू की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को ई-रिक्शा से निकाल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को छुट्टी दे दी गई।

# मोटरसाइकिल की चोरी करने वाले दो आरोपी हुए गिरफ्तार



■ जोधापुर की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

घर के सामने खड़ी बिजली मिस्त्री की मोटरसाइकिल की चोरी करने वाले दो आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार स्थानीय जोधापुर वार्ड निवासी आकाश देवांगन पिता शंकर उम्र 21 वर्ष बिजली मिस्त्री का काम करता है। बीते 11 अक्टूबर की रात्रि युवक अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एएच 9832 कीमत 40 हजार रूपये को घर के सामने खड़ी कर पास में स्थित दुर्गा पंडाल में झालर लाइट लगाने चला गया। इसी दौरान घर के सामने खड़ी मोटरसाइकिल की चोरी कर अज्ञात चोर फरार हो गया। युवक पंडाल में लाइट लगाकर जब वापस घर के पास पहुंचा तो उसकी मोटरसाइकिल वहां पर नहीं थी। आसपास पता करने पर कोई जानकारी नहीं मिली। पीड़ित युवक ने सिटी कोतवाली पहुंच घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर दानीटोला स्थित मैला गड्ढा के पास संदिग्ध युवकों को घूमते पाया। पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्धों को पकड़ पूछताछ किया। संदिग्धों ने मोटरसाइकिल चोरी में संलिप्तता स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी खूबलाल ध्रुव पिता ललित उम्र 21 वर्ष निवासी महिमासागर वार्ड दानीटोला स्कूल के पास व राजेन्द्र निर्मलकर पिता भगतराम उम्र 55 वर्ष पीपल पेड़ के पास टिकरापारा निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपियों के कब्जे से मोटरसाइकिल जब्त की गई।



## खबर संक्षेप

### बेलरगांव में गरबा नृत्य और डे-नाइट कबड्डी का आयोजन 17 से

**नगरी।** कृषि एवं ग्राम विकास समिति तथा नवदुर्गा एवं विजयादशमी महोत्सव समिति बेलरगांव के संयुक्त तत्वावधान में नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर दो बड़े आयोजनों की तैयारी जोरों पर है। समिति द्वारा इस वर्ष युवाओं के लिए विशेष कार्यक्रम रखे गए हैं। जिसमें एक दिवसीय ***गरबा नृत्य :*** 17 अक्टूबर को बेलरगांव बस स्टैंड पर एक दिवसीय भव्य गरबा नृत्य का आयोजन किया जाएगा। जिसमें क्षेत्र की महिलाएं और युवतियां गरबा नृत्य कर माँ दुर्गा की आराधना करेंगी। ***दो दिवसीय डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता :*** 18 अक्टूबर से दो दिवसीय डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता पूरी तरह मैट पर खेली जाएगी, जिससे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधा मिलेगी। ***स्पर्धा का पुरस्कार :*** प्रथम 21,000 रुपये, द्वितीय 11,000, तृतीय 3,000 रुपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 2,000 रुपये प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आसपास के क्षेत्रों की कई टीमें संपर्क कर रही हैं। इस पूरे आयोजन की तैयारी में समिति के अध्यक्ष मौर्यध्वज सेन, सचिव ओमप्रकाश देवांगन, कोषाध्यक्ष लिलेश प्रजापति, सहसचिव केशर यादव, उपाध्यक्ष लोकेश यादव, प्रदीप कौर, भारत नेताम, छत्रदास मानिकपुरी, राकेश सलाम, शिवराम नेताम, कमल नयन, गोविन्द साहू, कैशात गुप्ता, धन्नू साहु, भोला निर्मलकर सहित सभी पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

## निधन

### सुरेन्द्र जैन



**धमतरी।** राजस्थान इंटरप्राइजेस के संचालक सुरेन्द्र जैन उर्फ मुन्ना (61 वर्ष) का गुरुवार को दोपहर हृदयाघात से निधन हो गया। वे राजकुमार, हेमंत के भाई थे। अंतिम यात्रा शुक्रवार को प्रातः 10 बजे गुरुद्वारा गली पुराना बस स्टैंड स्थित निवास से निकलेगी।

# मांदागिरी के गौतम ऋषि पर्वत को पर्यटन मानचित्र पर लाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

वनांचल एवं उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र अंतर्गत मांदागिरी स्थित प्राचीन गौतम ऋषि पर्वत को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने जय गौतम ऋषि सेवा समिति मांदागिरी द्वारा जिला प्रशासन को विस्तृत प्लानिंग प्रस्ताव सौंपा गया।

इस दौरान जनपद सदस्य सिरधन सोम, संत नेताम, राधिका नेताम, नरेश मांझी, संजय भंडारी, दुलछंद कुंजाम, बीरबल पदमाकर, ईश्वरी नेताम, रेवाप्रसाद देवदास, श्रीराम चिंडा, राजेश्वरी बाई करही, चंद्रकुमार, हिम्मत सिंग, दीनदयाल मरकाम, श्यामलाल मरकाम, धनेश मरकाम, लोविंद मरकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

समिति के अध्यक्ष मंगल सिंग नाग ने बताया कि जिला कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं पंचायत सीईओ जयंत नाहटा द्वारा हाल ही में गंगरेल डुबान क्षेत्र एवं दुर्गम पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर पर्यटन को बढ़ावा देने की जो पहल की गई है। उससे प्रेरित होकर ग्रामीणों ने यह प्रस्ताव तैयार किया है।

### कलेक्टर और सीईओ से 55 किमी सड़क और पुल-पुलिया, सोलर लाइट की मांग

#### ये हैं प्रमुख मांगें

गौतम ऋषि पर्वत तक 12 किमी इको ट्रैकिंग रूट का विकास एवं मूलभूत सुविधाओं का विस्तार, नगरी-करका-मांदागिरी से मेचका तक 55 किमी बारहमासी सड़क निर्माण। सोंदूर नदी एवं आमकड़ा नदी पर उच्च स्तरीय पुल-पुलिया निर्माण शामिल है। ग्रामीणों ने कहा कि पुल-पुलिया बनने से बरसात में 15 से अधिक गांवों का संपर्क नहीं टूटेगा।



#### युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर

समिति ने बताया कि सड़क एवं पुल के अभाव में बरसात के 4 महीने तक क्षेत्र का जिला मुख्यालय से संपर्क कट जाता है, जिससे स्कूली बच्चों, मरीजों एवं श्रद्धालुओं को भारी परेशानी होती है। पर्यटन विकसित होने से स्थानीय आदिवासी युवाओं को गाइड, होम स्टे एवं रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## विपक्ष ने की तकनीकी जांच की मांग, विधायक प्रतिनिधि बोले : आरोप बेबुनियाद

# भारत माता की प्रतिमा का रंग उखड़ने पर घमासान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नगर पालिका परिषद कुरुद के भारत माता चौक में स्थापित नई प्रतिमा के रंग-रोगन और निर्माण गुणवत्ता को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए हैं। 15 अगस्त को भव्य अनावरण के महज दो महीने के भीतर प्रतिमा के कुछ हिस्सों से रंग उखड़ने का दावा करते हुए विपक्षी पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में पार्षदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र तकनीकी जांच कराने की मांग की है। वहीं सत्ता पक्ष ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि काम अभी प्रगति पर है।




नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू के अनुसार वार्ड क्रमांक 15 स्थित नहर रोड पर 4 जून 2023 को तत्कालीन नगर पंचायत द्वारा स्थापित पुरानी प्रतिमा को हटाकर नई प्रतिमा लगाई गई थी। विपक्ष का आरोप है कि इतने कम समय में रंग उखड़ना निर्माण सामग्री और रंग-रोगन की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि सक्षम तकनीकी अधिकारी से प्रतिमा की गुणवत्ता, सामग्री, तकनीकी स्वीकृति, प्रतिमा बदलने के निर्णय और भुगतान से जुड़े अभिलेखों की सूक्ष्म जांच कराई जाए। साथ ही जांच पूरी होने तक किसी भी तरह के रंग-रोगन या मरम्मत कार्य पर रोक लगाकर वर्तमान स्थिति को सुरक्षित रखा जाए। विपक्ष ने स्पष्ट किया कि उनका मकसद किसी पर बेबुनियाद आरोप लगाना नहीं, बल्कि सार्वजनिक धन के उपयोग में पारदर्शिता और जवाबदेही तय करना है।

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते समय नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, पार्षद मनीष साहू, पार्षद रजत चंद्राकर, पार्षद उत्तम साहू, पार्षद मंजू साहू, राखी चंद्राकर, उर्वशी चंद्राकर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद साहू, पूर्व पार्षद राघवेंद्र सोनी, तुकेश साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

#### अधूरी पेंटिंग पर राजनीति न करे विपक्ष : भानू

नगर पालिका के एल्डरमेन भानु चंद्राकर ने विपक्ष के आरोपों को भ्रामक और राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि प्रतिमा पर पेंटिंग का कार्य अभी जारी है। काम चलने के दौरान की अपूर्ण तस्वीरों को अंतिम स्वरूप बताकर भ्रम फैलाना उचित नहीं है। श्री चंद्राकर ने बताया कि स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों की मांग पर भारत माता चौक और सुभाष चंद्र बोस चौक के सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया गया था। यह प्रतिमा जनसहयोग से स्थापित कराई गई है, जिसमें दानदाता ने अपना नाम गोपनीय रखने की इच्छा जताई थी। वर्तमान में चौक से पीडब्ल्यूडी कार्यालय तक लाइटिंग, ग्रिल और पेंटिंग का काम प्रगति पर है। जब कार्य ही पूर्ण नहीं हुआ है और न ही कोई बिलिंग हुई है, तो भ्रष्टाचार के आरोप लगाना पूरी तरह निराधार है।

## नवाखाई के बाद शुरू होगी फसल की कटाई

# पंचमी पर देवी-देवताओं की विशेष पूजा अर्चना, गांवों में मना नवाखाई पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

क्वांर नवरात्रि की पंचमी तिथि पर कोर्रा क्षेत्र के गांवों में देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की गई। शीतला मंदिरों और दुर्गा पंडालों में माता का विशेष श्रृंगार किया गया। स्थानीय परंपरा के अनुसार बाल बांधने की रस्म निभाई गई तथा नवाखाई पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व के बाद किसान फसल कटाई की तैयारी शुरू करते हैं। ग्रामीण मान्यता के अनुसार आज से श्रद्धालुओं पर देवी-देवताओं के विराजमान होने की परंपरा भी प्रारंभ होती है।

ज्योतिषाचार्य पं. सुनील तिवारी ने बताया कि नवरात्रि के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा की जाती है। माता को पीले वस्त्र, गेंदे के फूल, मालपुआ, केले और पीली मिठाई का भोग अर्पित किया जाता है। मान्यता है कि स्कंदमाता की पूजा से संतान सुख की कामना पूरी होती है और विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त होती है। देशभर में पंचमी पर देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में विशेष पूजा की जाती है।



# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सीमा सोनकर को मिला भवन अनुज्ञा पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- महापौर रामू रोहरा एवं जनप्रतिनिधियों ने हितग्राही को सौंपा भवन अनुज्ञा पत्र

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत पात्र हितग्राहियों को पक्का मकान बनाने का सपना साकार करने की दिशा में नगर निगम धमतरी द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सदर दक्षिण वार्ड निवासी सीमा सोनकर/रामबिसाल सोनकर को महापौर रामू रोहरा एवं पार्षद की उपस्थिति में भवन अनुज्ञा पत्र प्रदान किया गया। भवन अनुज्ञा पत्र मिलने से हितग्राही परिवार को अपना पक्का मकान बनाने की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का उद्देश्य पात्र परिवारों को आवास की सुविधा उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना तथा सुरक्षित और सम्मानजनक आवास का सपना पूरा करना है।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्रीमती नम्रता माला पवार तथा आवास योजना से संबंधित नेहा सिन्हा उपस्थित थीं।

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे सरकारी योजनाओं का लाभ : अजय

- सिविल अस्पताल कुरुद में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 530 मरीजों का हुआ उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवाकाल के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सिविल अस्पताल कुरुद में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 530 मरीजों की स्वास्थ्य जांच, स्क्रीनिंग व पैथोलॉजिकल परीक्षण कर आवश्यक उपचार और निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।





#### एम्स और स्थानीय डॉक्टरों ने दी संयुक्त सेवाएं

शिविर में एम्स रायपुर के सर्जरी, स्त्री रोग, शिशु रोग, त्वचा रोग एवं नेत्ररोग विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दीं। वहीं सिविल अस्पताल कुरुद के भेषज, हड्डी, ईएनटी व दंतरोग विशेषज्ञ सहित अन्य चिकित्सा अधिकारियों ने भी मरीजों की गहन जांच की। शिविर में 301 महिलाओं और 229 पुरुषों सहित कुल 530 लोगों को लाभ मिला। इस दौरान 105 उच्च जोखिम वर्ग के लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई और टीबी मरीजों को निःशुल्क पोषण आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 10 नए निक्षय मित्रों का पंजीयन कराया गया।

#### स्वास्थ्य अमले के समन्वित प्रयास से मिली सफलता

यह शिविर एम्स रायपुर के सहयोग, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरुण टोडर तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिया कंवर के मार्गदर्शन में हुआ। इसके संचालन में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हेमराज देवांगन और बीपीएम रोहित पांडेय के साथ डॉ. डीके देव, डॉ.नरेश कामडे, डॉ.शीलारानी देवांगन, डॉ.ऋषभ राजपूत, डॉ.गौरव नेताम, डॉ.खुशबू साहू, डॉ.बिंदिया साहू, डॉ.गीतिका साहू, डॉ.अश्वन ठाकुर, गजेंद्र रिगरी, क्षितिज साहू सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों एवं मितानिनों की भूमिका रही।

अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने की। अपने संबोधन में श्री चंद्राकर ने प्रधानमंत्री के सेवा संकल्प अभियान से जुड़ते हुए स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और जनसेवा की भावना से दायित्वों के निर्वहन की अपील की। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, स्वास्थ्य सभापति सिंधु बैस, कृष्णकांत साहू, केवल चंद्राकर तथा जीवनदीप समिति सदस्य गोकुलराम साहू व देवाराम साहू उपस्थित थे।

## मड़ेली के शीतला मंदिर में 229 ज्योति जगमगा रही


# पंचमी श्रृंगार से मनमोहक हुआ मां शीतला का स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

नवरात्रि पर ग्राम मड़ेली में भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। गांव के मां शीतला मंदिर में इस वर्ष भी 229 ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है जिनमें घी के छह दीप शामिल हैं। ज्योत की पवित्र रोशनी से माता का दरबार जगमगा रहा है। मां के जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा गांव भक्तिमय हो उठा है।

पंचमी पर मां शीतला का विशेष श्रृंगार किया गया। श्रृंगार के बाद माता का स्वरूप आकर्षक और मनमोहक नजर आया। माता के दर्शन के लिए श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि तथा गांव की खुशहाली की कामना कर रहे हैं। मंदिर के पुजारी निरंजन निषाद ने बताया कि नवरात्रि के दौरान मां शीतला की नियमित पूजा-अर्चना और माता सेवा की जा रही है। श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ माता की सेवा में जुटे हुए हैं।





#### सात स्थानों पर विराजीं मां दुर्गा

ग्राम मड़ेली में नवरात्रि पर्व को लेकर विशेष उत्साह है। गांव के अलग-अलग स्थानों पर सात पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इन पंडालों में भी पूजा-अर्चना और माता की आराधना की जा रही है। सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। पूरा गांव भक्ति और उल्लास के रंग में रंगा नजर आ रहा है।

#### सुख-शांति, समृद्धि की कामना कर रहे

धार्मिक आयोजन में निरंजन निषाद, पंचराम साहू, रिखीराम बैस, सुखनंदन बैस, महेश बैस, बंटी साहू, योगेश निषाद, मिथलेश साहू, रूपराम साहू, निलेश ध्रुव और गणेश बैस सहित अन्य श्रद्धालु सहयोग कर रहे हैं। क्वांर नवरात्रि में मां शीतला मंदिर में प्रज्ज्वलित 229 ज्योत श्रद्धालुओं की अटूट आस्था के प्रतीक बने हुए हैं। भक्त माता की आराधना कर गांव में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं।

## अंचल की खबरें

### निरई माता मंदिर में आस्था के 491 ज्योत जले



**मगरलोड।** मगरलोड ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 35 किमी दूर वनांचल ग्राम मोहेरा की पहाड़ी में माता निरई अदृश्य रूप से विराजमान हैं। शारदीय क्वांर नवरात्रि में माता के नीचे स्थापना स्थल में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। माता के भक्तों व श्रद्धालु ने शारदीय क्वांर नवरात्रि में 491 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की है। धमतरी, रायपुर, गरियाबंद, बलौदाबाजार, दुर्ग, भिलाई, महासमुंद सहित अन्य जिले के भक्तों ने ज्योति जलाई है। पंचमी पर माता को श्रृंगार चढ़ाया गया। माता की सेवा में समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

### रोलर स्केटिंग में भैंसमुंडी के 12 विद्यार्थियों का चयन



**मगरलोड।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सेजेस भैंसमुंडी के 12 विद्यार्थियों का चयन राज्यस्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 15 से 18 अक्टूबर तक रायपुर में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में भूमि साहू, काव्या साहू, परिणीता साहू, खुशबू यादव, तुलसिका ध्रुव, डिम्पल साहू, पूर्वी निषाद, एकता साहू, मोनिका रानी, मनीष साहू, शिवम साहू एवं सुयश धीवर का चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। खेल प्रशिक्षक प्रवीर कृष्ण साहू के कुशल मार्गदर्शन से यह सफलता हासिल की है। प्राचार्य एनके धीवर, स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं विद्यालय परिवार ने हर्ष जताया है।

### चरमुड़िया के 7 लोगों ने थामा भाजपा का दामन



**कुरुद।** भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों और क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर ग्राम चरमुड़िया के 7 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विधायक कार्यालय कुरुद में आयोजित कार्यक्रम में श्री चंद्राकर के समक्ष सभी ने पार्टी में प्रवेश किया। शामिल होने वालों में साहू समाज अध्यक्ष भुवन साहू, ध्रुव समाज अध्यक्ष कोमलसिंह ध्रुव, धीवर समाज अध्यक्ष दिलीप धीवर सहित भागवत यादव, गजानंद यादव, ईश्वर यादव और डोमन यादव प्रमुख रूप से शामिल हैं। इस अवसर पर विधायक ने सभी नवप्रवेशी सदस्यों को पार्टी का गमछा पहनाकर भाजपा परिवार में आत्मीय स्वागत किया और संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कुरुद मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू और अमित राजपूत विशेष रूप से उपस्थित रहे।

Pride of Dhamtari

धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल
ESTD. - 1910
TO SERVE, NOT TO BE SERVED
- न्यूरोसर्जरी : सटीक देखभाल के लिए -
दिमाग | रीढ़ | तंत्रिका
EXPERTISE | EMPATHY | BETTER OUTCOMES
बस स्टैण्ड के पास
धमतरी (छ.ग.)
94249-42992
उन्नत न्यूरोसर्जिकल देखभाल के लिए जीवन को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध
डॉ.आशना जबीन
MBBS, DrNB (Neurosurgery)
धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल में न्यूरो सर्जन प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे

24 घंटे भर्ती सुविधा
• एनआईसीयु
• आईसीयु
• पीडियाट्रिक वार्ड
• टीकाकरण
• ओपीडी
बच्चों का अस्पताल
सिद्धिविनायक
'आपके बच्चे का स्वास्थ्य हमारे हाथ'
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ (पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़)
अंबेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी मो. 9981321524, 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिरी - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंजरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201




## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय रोजगार मेला 27 को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी में 27 अक्टूबर को जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। उपसंचालक रोजगार डॉ.शशिकला अतुलकर ने बताया कि सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक कम्पोजिट भवन स्थित रोजगार कार्यालय में आयोजित इस रोजगार मेले में 5 निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा लगभग 630 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी।

### असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन प्रशिक्षण के लिए आवेदन 22 तक

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के दसवीं पास आवेदक 22 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड और पासपोर्ट साईज फोटो आदि दस्तावेज सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में जमा करना होगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### रावण का कद बढ़ा, एकलव्य खेल परिसर में दशहरा उत्सव

नगर निगम डिप्टी कमिश्मनर पीसी सार्वा ने बताया कि आयोजन में शामिल होने के लिए विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित वर्तमान और पूर्व के पदाधिकारियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जा रहा है।

### तेंदुए के हमले से 3 लोग घायल ...

**पत्नी को बचाने तेंदुए से भिड़ा पति, सिर पर गंभीर चोट :** तेजपाल नेताम पिता गुहाराम नेताम अपनी पत्नी खेमबाई को तेंदुए के हमले से बचाने के लिए उससे भिड़ गए। इस दौरान वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर पर गंभीर चोट आई है। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी में प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल धमतरी रेफर किया गया है। **बाइक सवार पर हमला, दूसरे के घर में घुसकर बचाई जान :** वहीं, सदाराम पिता फूलसिंग बाइक से जा रहे थे, तभी तेंदुए ने अचानक उन पर हमला कर दिया। जान बचाने के लिए वे बाइक से कूदकर पास के एक घर में घुस गए। इस तरह उन्होंने अपनी जान बचाई। उनका इलाज विश्रामपुरी स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

### माता भक्त युवाओं ने निकाली शोभायात्रा, भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

# पंचमी महोत्सव पर शीतला शक्ति पीठ में छप्पन भोग अर्पित



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



शारदीय नवरात्रि पर सिहावा स्थित प्रसिद्ध शीतला शक्ति पीठ में पंचमी महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। पंचमी पर मंदिर परिसर में सुबह से ही माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। माता के जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।

युवाओं की टीम द्वारा विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। युवाओं ने माता शीतला के लिए छप्पनभोग तैयार किया तथा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ शोभायात्रा निकाली। भक्ति भाव से निकाली गई शोभायात्रा के दौरान माता के जयकारों से मन्दिर परिसर में वातावरण गूंज उठा। इस आयोजन में विधायक अम्बिका मरकाम, गोलू मालू, सचिन भंसाली सहित माता भक्त युवाओं की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। माता को छप्पनभोग अर्पित करने के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शीतला शक्ति पीठ सिहावा में पंचमी महोत्सव के दौरान पूरे दिन भक्तिमय माहौल बना रहा। माता के दर्शन के लिए दूर-दराज से भी श्रद्धालु पहुंचे। मौके पर जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, समिति के अध्यक्ष नरेंद्र नाग, संरक्षक नेम सिंह बिशेन एवं मंशा गौर, उपाध्यक्ष बलदेव निषाद, रामलाल नेताम, सचिव नारद निषाद, कोषाध्यक्ष गैंद लाल यादव, सहसचिव बुधेश्वर साहू एवं लालेश्वर साहू, सलाहकार गगन नाहटा एवं भरत निर्मलकर, ग्राम पटेल राजेश यदु, तुकाराम साहू, महेंद्र कौशल, सचिन भंसाली, पुजारी ज्ञानसागर पटेल, मेहतर गौर, राजकुमार निषाद, संजय सारथी समेत अन्य मौजूद रहे।

### जनपद अध्यक्ष ने किया किचन शेड का लोकार्पण

मंदिर परिसर स्थित भोजनशाला में नवनिर्मित किचन शेड का जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा ने लोकार्पण कर इसे श्रद्धालुओं एवं मंदिर समिति को समर्पित किया। उल्लेखनीय है कि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए भोजन एवं प्रसाद तैयार करने की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किचन शेड निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस आवश्यकता को देखते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष ने अपनी जनपद निधि से पांच लाख रुपये की राशि स्वीकृत की थी।

### सांसद भोजराज नाग ने किए माता के दर्शन

कांकेर सांसद भोजराज नाग ने सिहावा स्थित प्रसिद्ध शीतला शक्ति पीठ पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए और पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर वहां श्रद्धालुओं के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। सांसद ने मंदिर की भोजनशाला का निरीक्षण किया तथा वहां सेवा कार्य में जुटे सेवादारों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।

### मंदिर में ज्योति कक्ष की आवश्यकता से अवगत कराया

शीतला शक्ति पीठ मंदिर समिति के अध्यक्ष नरेंद्र नाग ने सांसद को मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एक वृहद ज्योति कक्ष की आवश्यकता से अवगत कराया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, औषधि पादप बोर्ड अध्यक्ष विकास मरकाम, जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव, सरपंच नरसिंग मरकाम, राजू गोसाई उपस्थित रहे।

### प्रशासनिक अधिकारियों से सकारात्मक बातचीत के बाद गंगरेल बांध प्रभावितों का जल सत्याग्रह समाप्त



- मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बात रखेगा प्रतिनिधिमंडल

**धमतरी।** गंगरेल बांध के डूब प्रभावित परिवारों द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में किया जा रहा अनिश्चितकालीन जल सत्याग्रह प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण बातचीत के बाद समाप्त हो गया। प्रदर्शनकारियों की मांगों और उनकी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन की ओर से बातचीत की पहल की गई। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमतरी, एसडीओपी, पुलिस, तहसीलदार के साथ हुई चर्चा सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने अपना जल सत्याग्रह समाप्त करने पर सहमति जताई। प्रभावित परिवारों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी मांगों एवं समस्याओं से अवगत कराएगा। प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री के समक्ष प्रभावित परिवारों का पक्ष रखकर उनके मुद्दों के समाधान के लिए पहल करने का अनुरोध करेगा। जल सत्याग्रह की समाप्ति के साथ ही संबंधित विषयों पर संवाद और समन्वय के जरिए आगे बढ़ने की संभावना बनी है। प्रभावित परिवारों की समस्याओं को उचित स्तर पर रखने के लिए प्रस्तावित प्रतिनिधिमंडल की पहल को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## अंचल की खबरें

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बैज ने किए मां बिलाईमाता के दर्शन



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने बस्तर प्रवास के दौरान धमतरी पहुंचकर शहर की आराध्य देवी मां बिलाईमाता के दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने माता रानी के चरणों में शीश नवाकर प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि, खुशहाली और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि धमतरी की आराध्य देवी मां बिलाई माता के प्रति क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था है। माता के दरबार में दर्शन करना श्रद्धा, विश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। मां बिलाई माता से प्रार्थना है कि छत्तीसगढ़ की धरती पर सदैव सुख-शांति बनी रहे, हर परिवार खुशहाल हो, युवाओं को रोजगार मिले, किसानों के जीवन में समृद्धि आए और समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे बढ़ने के समान अवसर प्राप्त हों। छत्तीसगढ़ प्रदेश निरंतर प्रगति करे। इस अवसर पर बिलाई माता ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार, सूर्याराव पवार, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, कैलाश रणसिंह, देवेंद्र देवांगन उपस्थित थे।

### भखारा में ब्रम्हाकुमारी चैतन्य झांकी का शुभारंभ



**कोर्रा(भखारा)।** भखारा के बस स्टैंड में ब्रम्हाकुमारी विश्वविद्यालय भखारा द्वारा आयोजित चैतन्य झांकी में बुधवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर सहित कांग्रेस के दर्जनों नेताओं ने दीप प्रज्वलित और पूजा अर्चना कर आकर्षक झांकी की शुरुआत की। इस अवसर पर श्रीमती चंद्राकर ने चैतन्य झांकी में भाग लेने वाली बहनों की सराहना की। भरत नाहर ने कहा कि इस तरह की प्रस्तुति करना असाधारण है। इसके लिए साधना जरूरी है। डॉक्टर मोहन हरदेल ने कहा कि शिव की शक्ति महिला है। जिस घर, परिवार में महिलाओं का सम्मान होता है उनके परिवार में सुख शांति और समृद्धि आती है। मौके पर विनोद साहू, होमेन्द्र साहू, बिट्टू गौर, सोमनाथ साहू, पन्नू सिन्हा, मेघनाथ साहू, संतोषी निषाद, लेखराम यादव सहित ओम शान्ति भखारा की संचालिका ऊषा साहू सहित नगरवासी उपस्थित थे।

### पिकअप ने मोटरसाइकिल सवार को मारी टक्कर

**मगरलोड।** ग्राम मेघा में आज फिर एक सड़क दुर्घटना हो गई। जब से मेघा में चौड़ा रोड बना है, तब से दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रही है।



- युवक गंभीर रूप से घायल, रायपुर रेफर

इसी रोड पर कुछ दिन पहले ही एक सड़क हादसे में एक लड़की की मौत हो गई थी। गुरुवार की सुबह लगभग 7 बजे मेघा बस स्टैंड से छोटी करेली रोड पर पिकअप और मोटरसाइकिल की जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पिकअप ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिसमें ग्राम ढाबा निवासी संतू बघेल गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर उपस्थित पंचायत प्रतिनिधि यश कुमार ने डायल 112 पर पुलिस और अस्पताल को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि पिकअप ग्राम मोहंदी की है जो सरगी के किसी कार्यक्रम के लिए जा रही थी। घटना को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। पुलिस ने पिकअप को जब्त कर वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

# करु कांदा समझकर खा लिया जहरीला कंद



हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

ग्राम नवागांव सांकरा में करु कांदा समझकर जहरीला कांदा खाने से तीन महिलाओं की तबीयत अचानक बिगड़ गई। तीनों महिलाओं को उपचार के लिए नगरी स्वास्थ्य चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सक के अनुसार, समय रहते अस्पताल पहुंचने और उपचार मिलने से तीनों महिलाएं फिलहाल खतरे से बाहर हैं।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नवागांव सांकरा की कुछ महिलाएं रोज की तरह जंगल में कांदा निकालने गई थीं। इसी दौरान उन्हें ऐसा कंद मिला, जो देखने में करु कांदा जैसा प्रतीत हो रहा था। देखने में समानता होने के कारण महिलाएं उसकी सही पहचान नहीं कर सकीं और गलती से बेचांदी कांदा को उबालकर खा लिया। इसके बाद 2 मिनट मे उनकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके चलते परिजनों ने उन्हें तत्काल नगरी स्वास्थ्य चिकित्सालय पहुंचाया।

### तीनों महिलाओं का उपचार जारी

बीमार महिलाओं में बसंती पति खिलावन पुजारी (42 वर्ष), भुनेश्वरी यादव पति कुंजलाल (36 वर्ष) और पुष्पा यादव पति कुंजल यादव (36 वर्ष), कुंजल यादव निवासी ग्राम नवागांव साकरा शामिल हैं। तबीयत बिगड़ने की जानकारी मिलने पर सिहावा क्षेत्र के सर्व यादव समाज के युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिनेश यादव, हुमन लाल यादव, वीरेंद्र यादव, मनीष यादव हॉस्पिटल पहुंचकर सभी से जानकारी ली। डॉक्टर प्रवीण शांडिल्य ने बताया कि तीनों महिलाओं को समय रहते अस्पताल लाया गया। फिलहाल सभी मरीज खतरे से बाहर हैं।

# सिहावा-नगरी क्षेत्र में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाला आरोपी रायपुर से गिरफ्तार

- किराना दुकान, मस्जिद और मजार की दान पेटियों सहित मोटरसाइकिल चोरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सिहावा एवं नगरी क्षेत्र में चोरी की वारदातों को अंजाम देने के मामले में सिहावा पुलिस ने फरार आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे एवं निशानदेही पर चोरी की एक दान पेटी, 3,305 रुपये नकद और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक भावना पांडेय के निर्देशन में की गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी छोटू सोनवानी (27 वर्ष) पिता फूलसिंग सोनवानी निवासी स्कूलपारा सिहावा थाना सिहावा जिला धमतरी है। उसके विरुद्ध थाना सिहावा में चोरी के चार मामले तथा थाना नगरी में एक मामला दर्ज था। इन मामलों में उसकी तलाश की जा रही थी। थाना प्रभारी निरीक्षक चक्रधर बाघ के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को आरोपी की लोकेशन रायपुर में मिलने पर वहां रवाना किया गया, जहां से उसे हिरासत में लेकर सिहावा लाया गया।

### रकम और मोटर साइकिल बरामद

आरोपी के मेमोरेंडम कथन एवं निशानदेही पर पुलिस ने छिपाकर रखी गई एक दान पेटी, 3,305 रुपये नकद और एक मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस ने 14 अक्टूबर को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक चक्रधर बाघ, सहायक उपनिरीक्षक दुलाल नाथ, प्रधान आरक्षक श्रवण ध्रुव, आरक्षक हरीश कावड़े, आरक्षक प्रमोद गाहड़े एवं डीएसएफ आरक्षक का योगदान रहा।



### दान पेटी की चिल्हर राशि को पहाड़ी में छिपाया

पूछताछ के दौरान आरोपी ने 19 जून 2026 को बाजार चौक स्थित मुरारी किराना दुकान की पेटी से 19 हजार रुपये चोरी करना स्वीकार किया। इसके अलावा 26 अगस्त को दानीबांधा स्थित मजार की दान पेटी तथा 7 अक्टूबर को बाजार चौक स्थित मस्जिद की दान पेटी चोरी करने की बात भी सामने आई। आरोपी ने मस्जिद की दान पेटी से निकाली गई चिल्हर राशि सिहावा पहाड़ी में छिपाकर रखने की जानकारी दी। इसके साथ ही पाईकमाठा क्षेत्र से आई-स्मार्ट मोटरसाइकिल चोरी करने का मामला भी सामने आया।

# रेत से भरा हाइवा पलटा, दीवार टूटी

- मगरलोड के ग्राम खैरझिटी की घटना, 6 पुलिस जवानों की लगी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



जिले में रेत खदान शुरू होने से पहले ही अवैध रेत खनन जारी है। कार्रवाई नहीं होने से रात में रेत का अवैध खनन व परिवहन होता है। बुधवार तड़के 4 बजे तेज रफ्तार एक हाईवा मगरलोड से रायपुर जा रहा था। हाईवा मगरलोड ब्लॉक के ग्राम खैरझिटी में पलट गया। इससे मकान की दीवार टूट गई। रेत घर के अंदर घुस गई। इससे मकान मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि रात में परिवार का कोई सदस्य उस कमरे में नहीं था।

सूचना मिलते ही मगरलोड पुलिस बल मौके पर पहुंचा। मकान मालिक को एफआईआर दर्ज कराने कहा गया, पर मकान मालिक गाड़ी मालिक का इंतजार करते रहे। देर रात तक गाड़ी मालिक नहीं आया। इस कारण आगे की कार्रवाई नहीं हो सकी। मेघा, छोटी करेली, सौंगा में अवैध रेत का खनन हो रहा है। 10 महीने में मगरलोड क्षेत्र में सिर्फ 20 से अधिक वाहनों पर कार्रवाई की गई, जबकि हर दिन 100 से अधिक वाहन रेत भरकर निकलते हैं।

### टक्कर के बाद घर में जगह-जगह दरारें आईं

मकान मालिक कमलेश साहू ने बताया कि बुधवार सुबह 4 बजे तेज रफ्तार हाईवा घर के सामने आकर पलट गया। दीवार टूट गई। पास में ही दूसरे कमरे में पत्नी देवकी बाई सोई थी। दीवार टूटने के बाद जोरदार आवाज आई। सब डर गए। उठकर देखा तो रेत दो कमरों में घुस गई थी। ड्राइवर गाड़ी में फंसा था। पीछे से आ रहे 5 हाईवा के चालकों ने कांच तोड़कर ड्राइवर को बाहर निकाला। फिर अपने साथ ले गए। गाड़ी रायपुर की थी। घटना से घर में जगह-जगह दरारें आ गई हैं।

## खबर संक्षेप



### ग्राम बोड़रा में लाटाबोड़ का नाचा आज

**डाही(धमतरी)।** क्वांर नवरात्रि पर ग्राम बोड़रा (डाही) में छत्तीसगढ़ लोक कला मोर मयारु नाचा पार्टी लाटाबोड़ (बालोद) का कार्यक्रम 16 अक्टूबर शुक्रवार को न्यू दुर्गोत्सव समिति रंगमंच चौक में रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में समिति के संतोष सेन, रामसिंह साहू उपसरपंच, भूषण साहू, कुंजबिहारी साहू, महेश पाल, रामाधार सेन, भागी यादव, हिम्मत साहू जुटे हैं।

### जहर सेवन से युवक की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया निवासी ईश्वर साहू पिता ओंकार उम्र 28 वर्ष मजदूरी का काम करता था। युवक शराब पीने का आदी था। 6 अक्टूबर को भी युवक ने शराब का सेवन किया था। नशे की हालत में युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर उल्टी कर रहा था। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने बेहोश पड़े युवक को निजी वाहन की मदद से उपचार के लिए धमतरी के मसीही अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान बुधवार की दोपहर युवक की मौत हो गई।

### कातलबोड़ में श्रीमद् देवी भागवत कथा जारी

**कुरुद।** शारदीय नवरात्र पर ग्राम कातलबोड़ में 13 से 17 अक्टूबर तक पांच दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक होगी। प्रवचनकर्ता पंडित विष्णु प्रसाद दुबे नवीन जोरातराई सिंगल द्वीप देवी भागवत पुराण की महिमा और धार्मिक प्रसंगों का वर्णन करेंगे। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है।



### आज ग्राम चर्रा में माता का जगराता

**कुरुद।** ग्राम चर्रा के दंतेश्वरी चौक में 16 अक्टूबर शुक्रवार को लोक झंकार माता जगराता की प्रस्तुति किरण शर्मा एण्ड ग्रुप रायगढ़ द्वारा होगी। नवरात्रि दशहरा पर्व पर छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग एवं क्षेत्रीय विधायक और ग्रामवासियों के सहयोग से यह आयोजन होगा। मुख्य अतिथि विधायक अजय चन्द्राकर होंगे। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका कुरुद अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, समाजसेवी एलपी गोस्वामी, वरिष्ठ पत्रकार कृपाराम यादव, तिलोकचंद जैन, कृष्णकांत साहू, रामकुमार साहू, श्रीमती चित्रलेखा ध्रुव, सरपंच कमलेश्वरी ध्रुव होंगे।

# धमतरी में चंद्रपुर की मां चंद्रहासिनी के दर्शन, 15 फीट ऊंचे पंडाल ने भक्तों का मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शारदीय नवरात्र में धमतरी भक्तिमय वातावरण में सराबोर है। शहर के दुर्गा पंडालों में माता रानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इस बीच शारदा चौक टिकरापारा स्थित आदर्श दुर्गोत्सव समिति की अनूठी सजावट लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। समिति ने इस वर्ष चंद्रपुर स्थित प्रसिद्ध मां चंद्रहासिनी मंदिर की हुबहू झांकी तैयार की है। भव्य मंदिरनुमा पंडाल और आकर्षक साज-सज्जा के बीच विराजित मां चंद्रहासिनी के दर्शन कर श्रद्धालु अभिभूत हो रहे हैं।

### 15 फीट ऊंचाई पर विराजित हैं माता रानी

समिति ने इस बार पंडाल को विशेष स्वरूप दिया है। जमीन से लगभग 15 फीट की ऊंचाई पर मां चंद्रहासिनी की प्रतिमा स्थापित की गई है। पंडाल के निर्माण में करीब 10 क्विंटल बांस और बल्लियों का इस्तेमाल किया गया है। इसे आकर्षक रूप देने में लाखों रुपये खर्च किए गए हैं। मंदिर की प्रतिकृति और माता रानी की भव्य प्रतिमा को देखने के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।



**शक्तिपीठ की भव्य झांकी बनी आकर्षण का केंद्र**





### 151 साल से चली आ रही परंपरा

आदर्श दुर्गोत्सव समिति की यह परंपरा लगभग 151 वर्षों से जारी है। समिति के देवेंद्र कुमार, राजेश आदि ने बताया कि पूर्वजों ने मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने की शुरुआत की थी। तीसरी पीढ़ी भी इस धार्मिक परंपरा को पूरी श्रद्धा के साथ आगे बढ़ा रही है। समिति का उद्देश्य श्रद्धालुओं को धमतरी में ही छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध देवी मंदिरों की झांकी के माध्यम से दर्शन कराना है।

### हर साल सजती है अनूठी झांकी

समिति ने वर्ष 2023 में गंगरेल स्थित वनदेवी मां अंगारमोती की झांकी बनाई थी। इसके बाद धमतरी की आराध्य देवी मां विंध्यवासिनी और पिछले वर्ष रतनपुर की मां महामाया की झांकी सजाई गई। इन झांकियों को श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। इस वर्ष चंद्रपुर की मां चंद्रहासिनी मंदिर की प्रतिकृति के साथ मंदिर परिसर में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की प्रतिमाएं भी स्थापित की गई हैं।

## सुबह 4 बजे से शुरू हुआ दर्शन का सिलसिला, 6605 मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित

# पंचमी पर मां अंगारमोती के दरबार में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नवरात्र पर्व की पंचमी तिथि पर गंगरेल बांध के किनारे विराजित मां अंगारमोती मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। पंचमी पर माता का विशेष श्रृंगार किया गया। गुरुवार की सुबह 4 बजे से ही माता के दर्शन के लिए भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। कोई कार से, कोई बाइक या साइकिल से तो कोई पैदल ही मां अंगारमोती के जयकारे लगाते हुए मंदिर पहुंचा। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। मंदिर परिसर में जसगीत मंडली माता के जसगीत गाते नजर आई।

### वातानुकूलित ज्योति कक्ष बनाने की योजना

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने बताया कि इस वर्ष मां अंगारमोती मंदिर में कुल 6605 मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित की गई है। इनमें 4805 तेल ज्योत और 1800 घी की ज्योत शामिल हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रबंधन द्वारा दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में मंदिर में वातानुकूलित ज्योति कक्ष बनाने की योजना है।



**दौड़ लगाते हुए माता के दरबार पहुंचे सैकड़ों युवा**

नवरात्र की पंचमी पर मां भारती फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर के सैकड़ों युवाओं ने भी अनूठे अंदाज में माता के दर्शन किए। पुलिस सब इंस्पेक्टर (एसआई), सेना, सीआरपीएफ और बीएसएफ में भर्ती की तैयारी कर रहे ये युवा प्रतिदिन शारीरिक अभ्यास कर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार की सुबह 5:30 बजे मां भारती फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर के संचालक एवं ट्रेनर पीतांबर नंदेश्वर की अगुवाई में सैकड़ों युवा रुद्धी स्थित शीतला खेल मैदान से दौड़ लगाते हुए गंगरेल स्थित मां अंगारमोती मंदिर के लिए रवाना हुए। लगभग आधे घंटे तक दौड़ लगाने के बाद सभी युवा माता के दरबार पहुंचे। यहां उन्होंने मां अंगारमोती के समक्ष दंडवत प्रणाम कर आशीर्वाद लिया और आगामी भर्ती परीक्षाओं में सफलता की कामना की। श्री नंदेश्वर ने बताया कि मां अंगारमोती के आशीर्वाद से मां भारती फिजिकल ट्रेनिंग एकेडमी से अब तक 3 एसआई , 6 अग्निवीर, 8 एसएससी जीडी , 6 नगर सेना, 13 सीजी पुलिस तथा अभी 2 रेलवे में चयनित होकर देश की सेवा कर रहे हैं। इस दौरान ट्रेनर देवेंद्र साहू और धर्मेंद्र साहू भी मौजूद रहे।

# धीवर समाज की चुनरी यात्रा में उमड़ा भक्तिभाव





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा की आराधना के बीच धीवर समाज द्वारा पंचमी के अवसर पर भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। घड़ी चौक से प्रारंभ हुई यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए महिमा सागर वार्ड स्थित मां शीतला माता मंदिर पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और माता रानी के जयकारे लगाते हुए भक्तिभाव के साथ आगे बढ़े।

चुनरी यात्रा घड़ी चौक से निकलकर बालक चौक, गोल बाजार, मठ मंदिर चौक, बम्लेश्वरी चौक और गणेश चौक होते हुए मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंची। इसके बाद यात्रा मां शीतला माता मंदिर, महिमासागर वार्ड पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा मार्ग में विभिन्न देवी मंदिरों सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं ने चुनरी, झंडा और प्रसाद अर्पित कर पूजा-अर्चना की तथा सुख-समृद्धि की कामना की। नवरात्र के अवसर पर निकाली गई इस चुनरी यात्रा में श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखते ही बन रहा था। यात्रा के माध्यम से धीवर समाज के लोगों ने माता के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाया। इस अवसर पर धीवर समाज के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### भजनों और जयकारों से भक्तिमय हुआ माहौल

यात्रा के दौरान श्रद्धालु माता रानी का गुणगान करते हुए भजन-कीर्तन करते चल रहे थे। ढोल-ताशे और बैंड-बाजे की धुन पर भक्त माता की भक्ति में लीन नजर आए। युवा वर्ग भी पूरे उत्साह के साथ भक्ति गीतों पर झूमता रहा। हाथों में धार्मिक झंडे लिए श्रद्धालु लगातार माता के जयकारे लगाते रहे, जिससे शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया।

# धरती से अम्बर तक राममय हुआ जेन गरबा

- पं राजेश ने गरबा के स्टेज से धर्म को नई पीढ़ी तक पहुंचाया : अनामिका

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नवरात्र के पहले दिन और पहले मिनट से धूम मचा रहे आराध्य गरबा में चतुर्थी की थीम राम के दीवाने रखी गई। आराध्य गरबा चतुर्थी को पूरी तरह भगवामय रहा। भगवा वस्त्र भगवा ध्वज और श्रीराम के जयकारों के बीच पूरा माहौल राम रस से सराबोर नज़र आया।

हर रोज की तरह चौथे दिन भी आराध्य में गरबा प्रेमियों की भारी भीड़ पहुंची। राम के दीवाने थीम में ढले हुए गरबा प्रेमी और प्रतिभागियों के ड्रेस और आउटफिट देखते ही बन रहे थे। धनुष बाण, मुकुट और साज सज्जा वाले गरबा प्रेमियों की राम भजन पर थिरकन के बीच यह फर्क करना मुश्किल था कि कौन किस जेनरेशन का है, कौन किस दौर का। सभी श्रीराम में एक मय हो गए।

गरबा के चौथे दिन देश की जानी मानी कवियत्री अनामिका पहुंची। आराध्य का क्रेज और अनामिका की रचनाओं की फ्रीक्वेंसी ऐसी मैच हुई कि गरबा का एकदम नया स्वरूप नज़र आया। अनामिका अम्बर ने कहा कि पं राजेश ने गरबा के स्टेज से धर्म को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का धर्म निभाया है। उनके प्रयास सभी के लिए प्रेरणादायी है।



### गरबा धर्म की सेवा जैसा, सबके आराध्य राम हैं : पं. शर्मा

आराध्य गरबा के संरक्षक और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पं राजेश शर्मा अपने पूरे कुटुंब के साथ मौजूद रहे। श्री शर्मा ने कहा कि गरबा भी उनके लिए धर्म की सेवा जैसा है। इस गरबा को देखने के बाद कोई संदेह नही कि चाहे जेन जी हो या जेन अल्फा या और कोई पीढ़ी सबके आराध्य राम हैं। सबके हृदय में राम है क्योंकि राम और राम चरित्र ही श्रेष्ठ है और इसीलिए श्रीराम सनातन हैं। मौके पर राजेंद्र शर्मा, विकास शर्मा, लकी डागा समेत अन्य मौजूद रहे।

# पंचमी पर मां के श्रृंगार दर्शन को उमड़े भक्त



- जगह-जगह भंडारा, बिलाई माता मंदिर में लक्ष्य उपाध्याय की हुई भजन संध्या

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शारदीय नवरात्र की पंचमी पर धमतरी के देवी मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। भक्तों ने माता को श्रृंगार अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

नगर की आराध्य देवी मां बिलाई माता मंदिर सहित गंगरेल स्थित मां अंगारमोती, रिसाईपारा स्थित मां दंतेश्वरी, रामसागर पारा स्थित मां रिसाईमाता मंदिर, पावर हाउस के पास स्थित दुर्गा मंदिर, बस स्टैंड और सोरिद नगर स्थित मां काली माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। विभिन्न दुर्गा पंडालों में भी भक्त माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। पंचमी के अवसर पर शहर में विभिन्न स्थानों पर भंडारे आयोजित किए गए।

### बिलाई माता मंदिर में जगराता

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नवरात्र के पांचवें दिन मां दुर्गा के स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा की जाती है। भगवान कार्तिकेय को स्कंद नाम से जाना जाता है, इसलिए उनकी माता को स्कंदमाता कहा जाता है। उन्हें ममता, वात्सल्य, सुख और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। मां बिलाई माता सेवादार समिति द्वारा पंचमी के अवसर पर मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन के माध्यम से मां की आराधना की गई। गुरुवार रात जगराता प्रारंभ हुआ। इसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक लक्ष्य उपाध्याय अपनी टीम के साथ माता रानी के सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी।

### मृतक मछुआरे के परिवार को मिली 5 लाख की आर्थिक सहायता

**धमतरी।** मत्स्यजीवी दुर्घटना बीमा योजना के तहत कुरूद विकासखंड के ग्राम पचपेड़ी निवासी स्व. सोहन राम निषाद के परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मिली है। निषादराज मछुआ सहकारी समिति मर्यादित,पचपेड़ी के सक्रिय सदस्य स्व. सोहन राम निषाद की दुर्घटनावश मृत्यु के बाद उनकी नामांकित उत्तराधिकारी पत्नी श्रीमती पुष्पांजलि निषाद के बैंक खाते में 5 लाख रुपये की बीमा राशि जमा की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्व. सोहनराम निषाद पिता उत्तम राम की 27 सितंबर 2025 को खारून नदी में डूबने की घटना के बाद 30 सितंबर 2025 को मृत्यु हो गई थी। प्रकरण में आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर बीमा राशि दिलाने के लिए मछली पालन विभाग के संचालनालय एवं जिला स्तर के अधिकारियों-कर्मचारियों लगातार प्रयास किए गए। फलस्वरूप 5 सितंबर 2026 को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत बीमा प्रकरण का निराकरण करते हुए हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड के पीएमएमएसवाय डीएआईएस इंश्योरेंस सेल के माध्यम से पुष्पांजलि निषाद के बैंक खाते में 5 लाख रुपये की राशि जमा की गई।

# 30 हजार की पुस्तकें दान करने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक कमलवंशी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



बीसीएस पीजी कॉलेज में 14 अक्टूबर को नशामुक्त भारत के लिए युवा थीम पर आयोजित कार्यक्रम में कंडेल निवासी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक एमआर कमलवंशी को शासकीय नवीन महाविद्यालय कंडेल की राष्ट्रीय सेवा योजना बुक बैंक के लिए लगभग 30 हजार मूल्य की पुस्तकें दान करने के लिए शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अशोक श्रोती क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना भोपाल ने कहा कि पुस्तक दान विद्यार्थियों के भविष्य में निवेश है। इस तरह का सामाजिक योगदान युवाओं को सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी के लिए प्रेरित करता है।

विशिष्ट अतिथि डॉ. नीता वाजपेयी राज्य एनएसएस अधिकारी छत्तीसगढ़ ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जाता है। श्री कमलवंशी का पुस्तक दान शिक्षा और सेवा की भावना का अनुकरणीय उदाहरण है।

प्राचार्य डॉ. विनोद पाठक ने कहा कि विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने की यह पहल अत्यंत सराहनीय है। समाज के अन्य लोग भी इससे प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए आगे आएं। श्री कमलवंशी ने कहा कि विद्यार्थियों की शिक्षा में सहयोग करना उनके लिए संतोष का विषय है।

### विभिन्न पाठ्यक्रमों में निःशुल्क प्रशिक्षण आवेदन 21 तक

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में टेक्सी ड्रायवर, रिटेल (सेल्समेन) और सुरक्षा गार्ड का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के अभ्यर्थी आगामी 21 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं।







